INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: X	Department: Hindi	Date – 27.04.21
Worksheet No: 5	Topic: पदबंध	Note: Pl. file in portfolio

नाम: ________________________अनुभाग: _____अनुक्रमांक: _____दिनांक: ____________

प्रश्न – निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित पदबंध का नाम लिखिए:

(क) **हवाई किले बनाने वाले युवक** सच्चाई से अनभिज्ञ रहते हैं। ________________

(ख) कबूतर का अंडा माँ के **हाथ से गिरकर** टूट गया। ________________

(ग) **प्रयोगशाला में रखे हुए** रसायनों का प्रयोग सावधानी से करना चाहिए। ________________

(घ) अध्यापक के कक्षा में न आने तक छात्र **शोर मचाए जा रहे थे**। ________________

(ङ) **सबको मूर्ख बनाने वाले हम** ख़ुद अपने जाल में फँस गए। ________________

(च) सेवक अपने मालिक की **मदद कर दिया करता था**। ________________

(छ) **प्राणों की बाज़ी लगाने वाले** देशभक्त इतिहास में प्रसिद्ध हो गए। ________________

(ज) **श्रवणकुमार के पिता** का वध तीर से हुआ। ________________

(झ) **बाढ़ से पीड़ित वह** भोजन के लिए तरस रहा है। ________________

(ञ) आजकल बच्चे **गाना सुनते-सुनते** पढ़ाई करते हैं। ________________

(ट) **नेहरूकट शेरवानी** उसे बहुत पसंद है। ________________

(ठ) **शेर की तरह दहाड़ने वाले तुम** अब शांत क्यों हो गए ? ________________

(ड) **खंभे के तार में अटकी हुई** पतंग नीचे आ गिरी। ________________

(ढ) नाव पानी में **डूबती चली गई**। ________________

(ण) उस गायक ने **पहले से बहुत अच्छा** गाया। ________________

(त) वह **प्रतिदिन की तरह** सैर कर रहा है। ________________

(थ) **दरवाज़े पर खड़ा कोई** हमारी बात सुन रहा है । ________________

(द) **जनता को लूटने वाले वे** घर में छिपे बैठे हैं । ________________

(ध) बच्चे मैदान में **खेल रहे हैं** । ________________

(न) सिपाही किले के चारों ओर **दौड़ लगाता रहता है** । ________________

(प) आकाश में बादलों को देखकर मोर **झूमने-नाचने लगा** । ________________

(फ) **तुम्हारी उलटी-सीधी हरकतें** किसी को पसंद नहीं हैं । ________________

(ब) **केरल से मँगाए गए केले के चिप्स** बहुत स्वादिष्ट हैं । ________________

(भ) **कोने में रखी अलमारी** में बहुत सारे नए कपड़े हैं । ________________

(म) **विचारों में डूबे हुए** व्यक्ति को समय का पता ही नहीं चला । ________________

(य) **पेड़ पर बैठी** चिड़िया उड़ गई । ________________

(र) इस महामारी में सब **अपने परिवार वालों के साथ** रह रहे हैं । ________________

(ल) **लकड़ी के इस बड़े संदूक** में किताबें हैं । ________________

(व) **रोज़ वक़्त पर आने वाले आप** आज लेट कैसे हो गए ? ________________

(श) ऋषि कपूर ने सभी फ़िल्मों में **बड़े उत्साहपूर्वक** काम किया । ________________

(ष) **मुसीबत में काम आने वाला** मित्र ही सच्चा मित्र होता है । ________________

(स) नदी **कलकल करती हुई** बह रही है । ________________

(ह) **विदेश से आए मेहमानों में से कुछ** शाकाहारी हैं । ________________

(क्ष) मैं कभी-कभी धार्मिक स्थानों पर **चला जाया करता हूँ** । ________________

(त्र) **परिश्रम करने वाले** छात्र अवश्य सफल होते हैं । ________________

(ज्ञ) रेस का घोड़ा **बहुत तेज़ी से** दौड़ा । ________________

(श्र) **सड़क के किनारे लगा** वृक्ष आँधी आने पर गिर पड़ा । ________________